# यूपी बोर्ड परीक्षा - 2023

## कक्षा-10 (सामाजिक विज्ञान)

### केवल प्रश्नपत्र

**समय: 1 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

सामान्य निर्देश -
(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(iii) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।
(iv) खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर दिया जाना है।
(^) ओ0एम0आर0 शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेज़र (Eraser) एवं व्हाइटनर (Whitener) आदि का प्रयोग न करें।
(vi) खण्ड 'ब' 50 अंकों का है। इसमें वर्णनात्मक - 1, वर्णनात्मक - 2 एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं ।
(vii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।
(vii) दिये गये मानचित्र को उत्तरपुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
(ix) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न लिखने के लिए दिये गये हैं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

निर्देश : **निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए–**

1. वियना काँग्रेस के द्वारा फ्रांस में किस वंश के शासकों की पुनर्स्थापना की गयी थी? 1
(क) हैन्सबर्ग (ख) आर्लिया (ग) बूर्बो (घ) जारशाही

2. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन कब किया गया? 1
(क) 1927 (ख) 1931 (ग) 1928 (घ) 1929

3. निम्न में से किन राष्ट्रों को मित्र राष्ट्रों में शामिल किया गया था? 1
(क) पुर्तगाल, स्पेन, स्वीडन (ख) ब्रिटेन, फ्रांस, रूस
(ग) जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, हंगरी, तुर्की (घ) इटली, नीदरलैण्ड, रोमानिया

4. 'सत्ता में साझेदारी' का अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करने वाला शब्द कौन-सा है? 1
(क) पाकिस्तान (ख) श्रीलंका
(ग) बेल्जियम (घ) यूगोस्लाविया

5. संघात्मक शासन प्रणाली में अधिकारों का विभाजन होता है– 1
(क) केन्द्र एवं राज्यों (इकाइयों) के मध्य
(ख) एक राज्य एवं अन्य राज्यों के बीच
(ग) व्यवस्थापिका एवं कार्यपालिका के मध्य
(घ) व्यवस्थापिका एवं न्यायपालिका के मध्य

6. इनमें से कौन-सा कथन 'अश्वेत शक्ति आंदोलन' के बारे में सही नहीं है? 1
(क) यह 1966 में उभरा (ख) यह 1975 तक चला
(ग) यह एक अधिक उग्रवादी आन्दोलन था
(घ) इसने शांतिपूर्ण तरीकों की वकालत की

7. 'सामाजिक उपबन्ध' (Social Contract) नामक पुस्तक का लेखक कौन था? 1
(क) रूसो (ख) मॉन्टेस्क्यू (ग) नेकर (घ) दिदरो

8. रौलट एक्ट कब पारित हुआ? 1
(क) 1918 ई. (ख) 1919 ई. (ग) 1920 ई. (घ) 1921 ई.

9. विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) की स्थापना कब की गयी? 1

(क) 1995 ई. (ख) 1997 ई. (ग) 1999 ई. (घ) 2000 ई.

10. भारत में पंचायती राज की स्थापना हुई थी— 1

(क) 1980 में (ख) 1990 में (ग) 1992 में (घ) 2004 में

11. भारत में कितने प्रतिशत भू-धरातल पर मैदान का विस्तार है? 1

(क) 30% (ख) 53% (ग) 27% (घ) 43%

12. 'चीता' को भारत में कब लुप्त प्राय घोषित किया गया था? 1

(क) 1952 ई. में (ख) 1964 ई. में (ग) 1972 ई. में (घ) 1984 ई. में

13. निम्न में से कौन जल संग्रहण विधि राजस्थान में प्रचलित नहीं है? 1

(क) जोहड़ (ख) खादीम (ग) गुल (घ) टाँका

14. निर्धनता का सर्वाधिक प्रकोप वाले राज्य कौन-से हैं? 1

(क) बिहार, मध्य प्रदेश (ख) बिहार एवं ओडिशा

(ग) बिहार व झारखण्ड (घ) बिहार व उत्तर प्रदेश

15. झारखण्ड का कोडरमा अग्रणी उत्पादक है- 1

(क) अभ्रक का (ख) लौह अयस्क का (ग) ताँबा का (घ) सोने का

16. बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किए गए निवेश को क्या कहते हैं? 1

(क) व्यय (ख) विदेशी निवेश (ग) उत्पादन (घ) वितरण

17. एशिया के उन दो देशों के नाम बताइए जिनमें दो भाषाई और जातीय समूहों में संघर्ष था? 1

(क) श्रीलंका और लेबनान (ख) भारत और चीन

(ग) मलेशिया और यमन (घ) पाकिस्तान और ईरान

18. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय राज्य सूची में नहीं है? 1

(क) पुलिस (ख) कृषि (ग) सिंचाई (घ) मुद्रा

19. चुनौती किसे कहते हैं? 1

(क) विभिन्न प्रकार के संघर्ष (ख) विभिन्न तरह की मुश्किलें

(ग) लोकतांत्रिक अव्यवस्था (घ) उपरोक्त सभी

20. विनिर्माण क्षेत्र से सम्बन्ध है— 1

(क) प्राथमिक क्षेत्रक (ख) द्वितीयक क्षेत्रक

(ग) तृतीयक क्षेत्रक (घ) निजी क्षेत्र

## वर्णनात्मक-1 (उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए)

1. पूना पैक्ट पर किसके हस्ताक्षर हुए? उसकी दो शर्तें लिखिए। 4

*अथवा* जैव और अजैव संसाधन क्या होते हैं? कुछ उदाहरण दें।

2. भारत में अप्रत्यक्ष लोकतांत्रिक प्रणाली को क्यों अपनाया गया? 4

*अथवा* संघवाद क्या है? इसकी प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

3. रबर की कृषि हेतु आवश्यक भौगोलिक दशाओं का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। 4

*अथवा* भारतीय कृषि की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।

4. मौद्रिक राष्ट्रीय आय एवं वास्तविक राष्ट्रीय आय में अंतर स्पष्ट कीजिए। 4

*अथवा* विकसित देशों में आर्थिक क्रियाओं के महत्त्व का वर्णन कीजिए।

## वर्णनात्मक-2 (उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए)

5. जर्मन एकीकरण की प्रक्रिया के बारे में एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 6

*अथवा* ब्रेटन वुड्स समझौते का क्या अर्थ है? इसका क्या उद्देश्य था?

6. भारतीय संदर्भ में 'सत्ता की हिस्सेदारी' का एक उदाहरण देते हुए इसका एक युक्तिपरक और एक नैतिक कारण बताएँ। 6

*अथवा* विकेन्द्रीकरण क्या है? इसके लिए भारतीय संविधान में क्या व्यवस्था की गयी? किन्हीं चार का उल्लेख कीजिए।

7. मृदा अपरदन रोकने के उपायों का वर्णन करिए। 6

*अथवा* चावल की खेती के लिए उपयुक्त परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

8. उपभोक्ता आंदोलन के कारण बताइए। हम उपभोक्ता आंदोलन को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं? 6

*अथवा* भारत में विदेशी व्यापार की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

### 9. मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न

(क) निम्नलिखित स्थानों को भारत के मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिए ½ + ½ अंक निर्धारित हैं।

(i) वह स्थान जहाँ सितंबर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। ½ + ½

(ii) वह स्थान जहाँ 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। ½ + ½

(iii) वह स्थान जहाँ 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। ½ + ½

(iv) वह स्थान जहाँ दिसम्बर, 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। ½ + ½

(v) वह स्थान जहाँ पूर्ण स्वराज की माँग का प्रस्ताव पारित हुआ। ½ + ½

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

(i) सितम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ? 1

(ii) दिसम्बर 1920 ई. में कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था? 1

(iii) 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ? 1

(iv) 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ? 1

(v) सर्वप्रथम पूर्ण स्वराज्य की माँग का प्रस्ताव कब पारित हुआ? 1

( ख ) दिए गए भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए–

(i) नागार्जुन सागर बाँध □ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(ii) कपास उत्पादन का एक क्षेत्र (∷) चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(iii) बॉक्साइट उत्पादन का एक क्षेत्र ++ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(iv) हैदराबाद नगर O चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(v) ब्रह्मपुत्र नदी ⅄ चिह्न द्वारा नाम सहित ½ + ½

( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए–

(i) नागार्जुन सागर बाँध किस नदी पर बना है? 1

(ii) कपास उत्पादक दो राज्यों के नाम लिखिए। 1

(iii) बॉक्साइट उत्पादक एक क्षेत्र का नाम लिखिए। 1

(iv) हैदराबाद नगर किस राज्य में है? 1

(v) ब्रह्मपुत्र नदी घाटी किस राज्य में है? 1

*****